


कब होगा मेगा आक्शन?

आईपीएल गवर्निंग काउंसिल के अध्यक्ष ने यह भी पुष्टि की कि मेगा नीलामी 12 और 13 फरवरी को बैंगलोर में होगी। हालांकि, बीसीसीआई ने फैसला नहीं किया है खिलाड़ियों को साइन करने के लिए दो नई टीमों को कितना समय दिया जाना है। उन्हें कम से कम कुछ हफ्ते का समय दिया जाएगा और एक या दो दिनों में लखनऊ और अहमदाबाद फ्रेंचाइजी को औपचारिक पत्र जारी किए जाने की उम्मीद है।

## जनाब टाटा आईपीएल कहिए...

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। टाटा आईपीएल, जी हां। अब यह सुनिए, पढ़ने और देखने की आदत डाल लीजिए क्योंकि देश के सबसे बड़े कॉरपोरेट घराने ने क्रिकेट में एंट्री मार ली है। इंडियन प्रीमियर लीग के अगले सीजन का टाइटल स्पॉन्सर अब टाटा होगा, जो चीनी कंपनी वीवो की जगह लेगा। आईपीएल के चेयरमैन ब्रिजेश पटेल ने खुद इसकी जानकारी दी। भारत के सबसे बड़े व्यवसाय समूह में से एक टाटा ग्रुप इसी साल से यह जिम्मेदारी संभालेगा। आईपीएल की संचालन परिषद ने मंगलवार को हुई बैठक में यह फैसला किया। वीवो ने 2018 से 2022 तक आईपीएल के प्रायोजन अधिकार 2200 करोड़ रुपये में खरीदे थे, लेकिन गलवान घाटी में 2020 में भारत और चीन के बीच सैन्य टकराव के बाद वीवो ने एक साल का ब्रेक लिया था। उसकी जगह ड्रीम 11 प्रायोजक था। वीवो 2021 में फिर प्रायोजक बना हालांकि अटकलें लगाई जा रही थी कि वे उचित बोली लगाने वाले को अधिकार का हस्तांतरण करना चाहते हैं और बीसीसीआई ने इसका समर्थन किया।

# न्यूजीलैंड ने बांग्लादेश को हराकर सीरीज में बराबरी की

**क्रिकेट**

### बांग्लादेश को दूसरे क्रिकेट टेस्ट में एक पारी और 117 रन से पराजय का सामना करना पड़ा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

क्राइस्टचर्च। विकेटकीपर लिटन दास की साहसिक शतकीय पारी के बावजूद बांग्लादेश को न्यूजीलैंड के हाथों दूसरे क्रिकेट टेस्ट में एक पारी और 117 रन से पराजय का सामना करना पड़ा जिससे दो मैचों की सीरीज बराबरी पर छूटी। दस्ताने पर गेंद लगने के बाद दास ने लगभग पूरी पारी एक हाथ से खेली। उन्होंने न्यूजीलैंड के गेंदबाजों की शॉर्टपिच गेंदों का बहादुरी से सामना करके 106 गेंद में दूसरा टेस्ट शतक पूरा किया।

न्यूजीलैंड ने पहली पारी छह विकेट पर 521 रन पर घोषित की थी जिसमें टॉम लाथम ने 252 रन बनाए थे। उन्होंने मैच में छह कैच भी लपके। न्यूजीलैंड ने बांग्लादेश को पहली पारी में 126 रन पर आउट करके फॉलोऑन दिया। बांग्लादेश की टीम दूसरी पारी में 278 रन पर आउट हो गई।



दास 102 रन बनाकर आउट हुए जबकि दूसरे छोर से कोई बल्लेबाज टिक नहीं सका। बांग्लादेश का नौवां विकेट गिरते ही दर्शकों ने अनुभवी बल्लेबाज रोस टेलर का नाम लेना शुरू कर दिया जो अपना 112वां और आखिरी टेस्ट खेल रहे थे। दर्शकों की बात को मानकर कप्तान लाथम ने टेलर को गेंद सौंपी। उनकी तीसरी गेंद पर इबादत हुसैन ने लाथम को कैच थमा दिया। इसके साथ ही टेलर के 15 वर्ष के सुनहरे करियर का अंत विकेट के साथ हुआ।

इससे पहले उन्होंने अपने टेस्ट करियर में सिर्फ 16 ओवर फेंककर दो विकेट लिए थे और आखिरी बार आठ साल पहले विकेट चटकाया था। आखिरी विकेट गिरने के बाद उनके साथी खिलाड़ियों ने उन्हें घेर लिया और बांग्लादेश ने गार्ड ऑफ ऑनर दिया।

टेलर एक ही मैच में 250 से अधिक की पारी खेलने और छह कैच लेने वाले दुनिया के पहले खिलाड़ी बन गए। बांग्लादेश ने पहले टेस्ट में न्यूजीलैंड को आठ विकेट से हराकर इतिहास रचा था। टेस्ट चैंपियन टीम को उसकी धरती पर नौवीं रैंकिंग वाली टीम द्वारा हराना टेस्ट क्रिकेट के सबसे बड़े उलटफेर में से एक था।

# भारतीय टीम का युवा खिलाड़ी कोविड पाजिटिव पाया गया

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। भारतीय टीम को साउथ अफ्रीका के खिलाफ तीन मैचों की टेस्ट सीरीज के बाद तीन मैचों की वनडे सीरीज में हिस्सा लेना है, लेकिन उससे पहले टीम को बड़ा झटका लगा है। भारतीय युवा आलराउंडर इस वनडे सीरीज के पहले कोविड पाजिटिव पाए गए हैं। पाजिटिव पाए जाने के बाद अब उनका साउथ अफ्रीका दौरे पर जाना मुश्किल लग रहा है। वाशिंगटन सुंदर लगभग पिछले 10 महीने से इंजरी के वजह से क्रिकेट से दूर थे, लेकिन एक बार फिर से वो नहीं खेल पाएंगे। दोनों देशों के बीच वनडे सीरीज की शुरुआत 19 जनवरी से होगी। वाशिंगटन सुंदर लगभग 10 महीने



पहले इंजर्ड हो गए थे और अब फिट होने के बाद उन्होंने भारतीय टीम में वापसी की थी। वहीं उन्होंने विजय हजारे ट्राफी टूर्नामेंट में तमिलनाडु का प्रतिनिधित्व किया था। इस टूर्नामेंट में उनके अच्छे प्रदर्शन के बाद उनकी भारतीय वनडे टीम में वापसी हुई थी और साउथ अफ्रीका के खिलाफ उन्हें तीन वनडे मैच खेलने थे। 22 साल के सुंदर ने भारत के लिए अब तक सिर्फ एक ही वनडे मैच खेला है। इस मैच में उन्हें बल्लेबाजी करने का मौका नहीं मिला था। वहीं उन्होंने इस मैच में गेंदबाजी की थी और 65 रन देकर एक विकेट लिए थे। वाशिंगटन सुंदर के इंटरनेशनल क्रिकेट करियर की बात करें तो उन्होंने भारत के लिए चार टेस्ट मैच खेले हैं। इन मैचों में उन्होंने 66.25 की औसत से 265 रन बनाए हैं और उनका बेस्ट स्कोर नाबाद 96 रन बनाए हैं। टेस्ट क्रिकेट में उन्होंने तीन अर्धशतक लगाए हैं। वहीं चार टेस्ट मैचों में उन्होंने कुल 6 विकेट लिए हैं। वहीं उन्होंने भारत के लिए अब तक 31 टी20 इंटरनेशनल मैच खेले हैं। इन मैचों में उन्होंने महज 47 रन बनाए हैं और उनके नाम पर 25 विकेट दर्ज है।

## आईपीएल में कैसा था टेस्ट स्पेशलिस्ट राहुल द्रविड़ का रिकॉर्ड

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। आज राहुल द्रविड़ का जन्मदिन है। भारतीय क्रिकेट की श्दीवारश के नाम से मशहूर यह दिग्गज फिलहाल टीम के हेड कोच हैं। 11 जनवरी 1973 को इंदौर में जन्में राहुल 49 साल के हो गए। क्या आप जानते हैं कि टेस्ट स्पेशलिस्ट माने जाने वाले द्रविड़ आईपीएल में कप्तानी भी करते थे। आईपीएल के ओपनिंग सीजन में राहुल द्रविड़ अपने घरेलू राज्य कर्नाटक की टीम रॉयल चौलेंजर्स बैंगलोर के कप्तान थे। 2008, 2009 और 2010 में आरसीबी की ओर से दम दिखाया। बाद में राजस्थान रॉयल्स की ओर से खेलते हुए टीम को 2013 में चौंपियंस लीग टी–20 के फाइनल में भी पहुंचाया। बाद में इसी साल टी–20 क्रिकेट को भी अलविदा कह दिया। राहुल द्रविड़ ने अपने करियर में कुल 89 मैच खेले। अपने करियर में राहुल केवल पांच बार ही नॉटआउट रहे। कुल 2174 रन बनाए। द्रविड़ का आईपीएल में औसत 28.23 था। अपने आईपीएल करियर में द्रविड़ का सर्वोच्च स्कोर 75 रन था। पूरे करियर में कुल 1882 गेंदों का सामना किया। उनका स्ट्राइक रेट 115.52 था।

## न्यूज डायरी



### साउथ अफ्रीकी हरफनमौला क्रिस मौरिस ने क्रिकेट को अलविदा कहा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** जोहानिसबर्ग। साउथ अफ्रीका के हरफनमौला क्रिस मौरिस ने मंगलवार को क्रिकेट के हर प्रारूप से संन्यास का ऐलान कर दिया। वह घरेलू टीम टाइटंस के कोच का पद संभालने जा रहे हैं । 34 वर्ष के मौरिस ने सोशल मीडिया पर यह घोषणा की। आईपीएल में वह राजस्थान रॉयल्स, दिल्ली कैपिटल्स, रॉयल चौलेंजर्स बेंगलोर और चेन्नई सुपर किंग्स के लिए खेल चुके हैं । चेन्नई ने 2013 में उन्हें तीन करोड़ 32 लाख रुपये में खरीदा था। मौरिस को 2021 आईपीएल की नीलामी में 16.25 करोड़ रुपये में राजस्थान रॉयल्स ने खरीदा था। वह आईपीएल में बिकने वाले सबसे महंगे खिलाड़ी बने थे। हालांकि वह सबसे ज्यादा पैसा हासिल करने वाले खिलाड़ी नहीं थे। विराट कोहली को रॉयल चौलेंजर्स बैंगलोर ने 2018 में 17 करोड़ रुपये दिए थे। उन्होंने इंस्टाग्राम पर लिखा ,'मैं आज क्रिकेट के हर प्रारूप से संन्यास ले रहा हूं । मेरे छोटे या बड़े सफर में साथी रहे सभी लोगों का धन्यवाद। यह रोमांचक सफर था। अब टाइटंस का कोच बनने जा रहा हूं ।'

### सैनिटाइजर से हाथ धोया, मास्क लगाया फिर जश्न मनाया

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। कोरोना वायरस ने दुनिया के नियम–कायदों को बदलकर रख दिया। खेल भी इससे बच न सका। अब गेंद को चमकाने के लिए लार की जगह पसीने का इस्तेमाल होता है। खिलाड़ी बायो–बबल में रहते हैं। मैच खाली स्टेडियम में हो रहे हैं। इन्हीं बदलते नियमों के बीच अब पाकिस्तान के हारिस रऊफ ने दुनिया को पहली बार कोरोना सेफ सेलिब्रेशन भी सीखा दिया। दुनियाभर में कोरोना की तीसरी लहर के बीच ऑस्ट्रेलिया में बिग बैश लीग जारी है। दुनियाभर के कई बड़े सितारें यहां भाग ले रहे हैं। यहीं मंगलवार को पाकिस्तानी पेसर हारिस रऊफ ने अनोखे अंदाज में विकेट का जश्न मनाया। अब यह वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। मेलबर्न स्टार्स की ओर से खेलते हुए उन्होंने पर्थ स्कॉचर्स के कर्टिस पैटरसन को आउट किया। बल्ले का बाहरी किनारा लेते हुएगेंद जैसे ही विकेटकीपर के दस्तानों में समाई। 28 वर्षीय रऊफ ने हैंड सैनिटाइज करने का मैसेज दिया।

### छा गए टेलर... जोरदार करियर का धमाकेदार अंत

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** क्राइस्टचर्च। किसी भी क्रिकेटर के करियर का अंत शायद ही इससे बेहतर अंदाज में हो पाता। रॉस टेलर अपनी बल्लेबाजी के लिए पहचाने जाते आए हैं। पहली पारी में जल्दी आउट हो गए तो दूसरी पारी में बल्लेबाजी ही नहीं आई। ऐसे में गेंद के साथ कमाल दिखाया और बांग्लादेश का आखिरी विकेट चटकाया। न्यूजीलैंड को जीत दिलाई और अपने विदाई मैच को यादगार बना दिया। न्यूजीलैंड के महानतम पेसर रिचर्ड हेडली ने अपने करियर के आखिरी मैच की आखिरी गेंद पर विकेट लेने का कारनामा किया था। हेडली ने इंग्लैंड के खिलाफ 1990 में खेले आखिरी टेस्ट मैच की आखिरी गेंद पर डी मैल्कम को आउट किया था। अब 32 साल बाद रॉस टेलर ने अपने करियर के आखिरी मैच में हेडली जैसा ही कमाल कर दिया। टेस्ट मैच के तीसरे दिन जब बांग्लादेश के नौ विकेट गिर चुके थे, तब रॉस टेलर के हाथ में बॉल आई।

### नए कप्तान के तलाश में कोलकाता नाइटराइडर्स

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। दिल्ली कैपिटल्स ने इंडियन प्रीमियर लीग 2022 के मेगा आक्शन से पहले श्रेयस अय्यर को रिलीज कर दिया। फ्रेंचाइजी ने पिछले सत्र की पहले हाफ में अय्यर के चोटिल होने पर विकेटकीपर बल्लेबाज रिषभ पंत को पिछले सत्र में कप्तान बनाया था। दूसरे हाफ में अय्यर ने वापसी की, लेकिन पंत ही कप्तान रहे। अब रिलीज होने के बाद अय्यर कई फ्रेंचाइजियों के रडार पर हैं। एक रिपोर्ट के अनुसार कोलकाता नाइट राइडर्स उन टीमों में से एक है, जो अय्यर को अपने साथ जोड़ना चाहती है। चर्चा ही कि टीम उन्हें कप्तान बनाना चाहती है।